तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 1 जुलाई 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 कुत्तों ने फिर से चीतल पर किया हमला, गंभीर






## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय अवार्ड शिक्षक को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन की मांग पर बैठक 7 को

**कोरबा।** राज्य के राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत उत्कृष्ट शिक्षकों को मध्यप्रदेश के समान आउट और टर्न प्रमोशन के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। राज्य एवं राष्ट्रीय अवार्डी शिक्षकों की 7 जुलाई को समय 12:30 बजे रायपुर में चुन्नीलाल शर्मा के निवास में सभा का आयोजन किया गया है। जिसमें राज्य एवं राष्ट्रीय अवार्डी शिक्षकों शामिल होंगे। बैठक में दो सूत्रीय मांगों पूरा करने पर चर्चा की जाएगी। राज्यपाल एवं राष्ट्रपति से पुरस्कृत शिक्षकों को आउट ऑफ टर्न पदोन्नति, राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षकों की सेवानिवृत्ति तिथि दो वर्ष की बढ़ोतरी शामिल हैं। प्रदेश सचिव विष्णु शर्मा ने प्रदेश के समस्त सदस्यों से अनुरोध है कि सभी इस बैठक में सम्मिलित हों।

### महतारी वंदन योजना से महिलाएं हो रही आर्थिक रूप से मजबूत

**कोरबा।** प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को मजबूती प्रदान करने के लिए महतारी वंदन योजना संचालित की जा रही है। इस महत्वाकांक्षी योजना से समाज के आर्थिक रूप से पिछड़े परिवार की महिलाएं लाभान्वित होकर आर्थिक रूप से सशक्त बन रही है। योजनांतर्गत महिलाओं के बैंक खाते में प्रतिमाह राशि सीधे अंतरित होने से यह उनके विपरीत परिस्थितियों का सहारा बन गया है। योजना से लाभान्वित हुईं जिले के दादरखुर्द की रहने वाली श्रीमती पूर्णिमा द्विवेदी ने राज्य सरकार की इस कल्याणकारी योजना की सराहना करते हुए कहा कि समाज के मध्यम व निम्न वर्ग के परिवार के महिलाओं के लिए यह योजना आर्थिक संबलता का आधार बन गया है। महिलाएं इस योजना से मिलने वाली राशि के उपयोग से आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं। योजना से महिलाएं निजी जरूरतों, घरेलू आवश्यकताओं व दैनिक उपयोग की चीजों की खरीदी एवं अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सक्षम हुई है। पूर्णिमा ने बताया कि उनके पति कुंज बिहारी द्विवेदी गांव के ही मंदिर में पुजारी है। उनके परिवार में उनके पति सहित दो छोटे छोटे बच्चे है। उन्होंने बताया कि वे एक गृहिणी है और उन्हें पिछले 4 माह से योजना के तहत राशि प्राप्त हो रही है। जिसका उपयोग वे घरेलू खर्चों में करती हैं। योजना लागू होने के पूर्व उन्हें अपनी घरेलू आवश्यकताओ की पूर्ति के लिए अपने पति पर निर्भर रहना पड़ता था। अब प्रत्येक माह इस योजना की राशि उनके खाते में जमा होने से अब उन्हें छोटी छोटी जरूरतों का प्रबंध करने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो रही है।

### कैचमेंट इलाके में हो रही है अच्छी बारिश

# बारिश की पहली फुहार, 24 घंटे में ही 11 सेमी बढ़ा बांगो बांध का जलस्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बरसात के मौसम के शुरुआती दौर में ही झमाझम बारिश शुरू हो गया है जिससे बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में भी बेहतर बारिश हो रही है। जिसका असर बांध पर सीधा पड़ने लगा है पिछले 24 घंटे में बांगो बांध का वाटर लेवल लगभग 11 सेंटीमीटर बढ़ा है जो जल संसाधन विभाग के लिए अच्छी खबर है। लगातार बढ़ते वाटर लेवल से विभाग के अधिकारी के चेहरे पर मुस्कान देखी जा रही है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के सबसे बड़े बांगो बांध की कुल जलभराव क्षमता 359.66 मीटर है। इस वर्ष बांगो हाइडल प्लांट को लगातार संचालित किया गया था और किसानों के डिमांड के अनुसार उन्हें कृषि कार्य व निस्तारी के लिए भरपूर पानी दिया गया था जिसके चलते बांगो बांध का वाटर लेवल बहुत तेजी से गिर गया था और लगभग 40 फ़ीसदी जा पहुंचा था। पहली बारिश में ही बांगो बांध का वाटर लेवल बढ़ने लगा है जो जल संसाधन विभाग के लिए अच्छी खबर बताई जा रही है। पिछले तीन-चार दिनों से हो रही बारिश से बांगो बांध में लगातार पानी आना शुरू हो गया था लेकिन हाइडल प्लांट को संचालित करने की वजह से बांगो बांध का वाटर लेवल लगातार मेंटेन था लेकिन वहीं दूसरी ओर पिछले 24 घंटे में बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में अच्छी बारिश हुई है। जिससे 24 घंटे में 11 सेंटीमीटर वाटर लेवल की वृद्धि हुई है। विभाग के अधिकारियों को कहना है कि यदि कैचमेंट इलाके में ऐसे ही बारिश होती रही तो बांध को भरने में आसानी होगी और किसानों को रबी व खरीफ फसल के लिए भरपूर पानी मिल सकेगा और संयंत्रों को भी चलाने में आसानी होगी क्योंकि इसी बांध के सहारे ही कोरबा जिला सहित आसपास के पड़ोसी जिलों के किसानों को खेती के लिए पानी दिया जाता है तो संयंत्र को भी संचालित किया जाता है।



### पिछले 2 सालों से गेट खोलने की नहीं आई है नौबत

जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट को संचालित कर लगातार वाटर लेवल को मेंटेन किया जाता है यदि इसके बाद भी वाटर लेवल मेंटेन नहीं होता है तब 359 के करीब वाटर लेवल पहुंचने पर गेट खोल दिया जाता है। हालांकि पिछले 2 वर्षों से गेट खोलने की नौबत नहीं आई है लेकिन विभाग के अधिकारी बताते हैं कि वर्ष 2011 में बांगो बांध के सभी गेटों को खोलने की नौबत आई थी जबकि वर्ष 2014 में भी कुछ गेट खोले गए थे जबकि 2021 में भी बांगो बांध के कुछ गेट खोले गए थे तब जाकर वाटर लेवल मेंटेन हुआ था। विभाग के अधिकारियों को मुताबिक यदि बांगों बांध में लगातार पानी आता है और हाइडल प्लांट से मेंटेन नहीं होता है तब गेट को खोलकर ही वाटर लेवल को मेंटेन किया जाता है। मौजूदा स्थिति में बांगो बांध का वाटर लेवल 348.20 मीटर जा पहुंचा है जो कुल जलभराव क्षमता का 42 फीसदी है।

## रिटायर्ड एसईसीएल कर्मी के घर चोरों ने बोला धावा, लाखों का माल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल से रिटायर्ड हुए एक कर्मी अपने मकान में ताला बंद कर अपने गृहग्राम गया हुआ था। एक महीने बाद जब वह वापस लौटा तो उसके घर में ताला टूटा हुआ मिला चोरों ने उसके घर से इलेक्ट्रानिक्स सामानों सहित लाखों का माल पार कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है। सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत पंपहाउस निवासी सैय्यद कमर अली मूल रूप से मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले का निवासी है। 4 वर्ष पहले वह एसईसीएल से सेवानिवृत्त हो चुका है और अभी भी विभागीय आवास में रह रहा है। घरेलू कामकाज के सिलसिले में पिछले एक महीने से बाहर था। तब से उसके मकान में ताला लगा हुआ था। लंबे समय के लिए बाहर जाने के बारे में ना तो आसपास के लोगों को जानकारी दी गई थी और ना ही स्थानीय पुलिस को इस बारे में अवगत कराया गया था। इस बीच अज्ञात चोरों ने इलाके की रेकी करने के साथ योजनाबद्व तरीके से यहां चोरी की घटना को अंजाम दिया। मकान मालिक की वापसी मध्यप्रदेश के बालाघाट से कोरबा हुई। इस दौरान उसने पाया कि मकान में रखा रेफ्रिजरेटर, टेलीविजन, गैस सिलेंडर सहित कई सामान पार कर दिया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### नाबालिग के साथ अनाचार आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** कटघोरा थाना क्षेत्र में वर्ष 2023 में एक नाबालिग पीड़ित के गुमशुदा की शिकायत युवती के परिजनों ने कटघोरा थाना में कराई थी। कटघोरा पुलिस ने गुमशुदा की शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध कर नाबालिग पीड़ित की पतासाजी में जुट गई थी। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने मामले में जांच तेज की और मुखबिर की सूचना पर पुछापारा निवासी कोमल यादव उम्र 23 वर्ष पिता शंकर यादव से पूछताछ की तो नाबालिग पीड़िता का उसके पास होना पाया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 376, आईपीसी पाक्सो एक्ट के तहत आरोपी कोमल यादव को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है तथा पीड़िता को परिजनों को सुपुर्द किया।




## युवकों पर जानलेवा हमला करने वाले 10 आरोपी भेजे गए सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो दिनों पूर्व आपसी रंजीश को लेकर बुधवारी के एक आदतन अपराधी ने गढ़ कलेवा में जमकर आतंक मचाते हुए तीन लोगों पर जानलेवा हमला किया था। इस मामले में पुलिस सरगना को तो गिरफ्तार नहीं कर पायी है लेकिन वारदात में शामिल 10 लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

**खास बात**

- दो दिन पूर्व गढ़कलेवा में तीन युवकों पर किया गया था प्राणघातक हमला

मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत मुड़ापार निवासी मुनव्वर खान उम्र 52 वर्ष पिता मुख्तार खान रिपोर्ट दर्ज कराया कि 27 जून की रात लगभ 10 बजे फजल अली तथा फारूख खान के साथ उसकी मोटर सायकल से गढकलेवा में सूरज हथठेल, विकास बाबू के पास काम के सिलसिले मे बातचीत करने के लिए गया था कि रात 10.30 बजे लगभग गढकलेवा में पहुंचे तो सूरज हथठेल दिखाई दिया। जैसे ही बातचीत करना चाहे तभी अचानक से झाडियों में छिपे विकास बाबू व अन्य साथी अपने हाथ में चापड, तलवार, चाकू, सायकल का चैन, लोहे का पाईप व डण्डा लेकर निकले तथा सूरज हथठेल पुरानी रंजिश के कारण मां बहन की गाली देते हुए मारपीट करना शुरू कर दिये। जिससे मुनव्वर खान, फजल अली एवं फारुख खान को गंभीरावस्था में जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया था। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 307, 147, 148, 149, 294 भादवि 25, 27 आर्म्स के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर पुलिस की विशेष टीम प्रयास में जुटी हुई थी। इस बीच रविवार को पुलिस की विशेष टीम ने वारदात में शामिल खपराभटठा चौपाटी निवासी आशु चुटैल उर्फ घोडा उम्र 18 वर्ष पिता कुंजी लाल उर्फ छेदी लाल चुटैल, अटल आवास दर्री निवासी राहुल चौहान उम्र 22 वर्ष पिता सनत राम चौहान, पथरीपारा निवासी धनिकेश सिंह उम्र 20 वर्ष पिता राजेश सिह, खपराभट्ठा निवासी शनि सिंह उम्र 21 वर्ष पिता राजू सिंह, रोशन दास मंहत उम्र 19 वर्ष पिता रमेश दास महंत, न्यू रेल्वे कालोनी मानिकपुर निवासी शैलेष खडिया उम्र 22 वर्ष पिता संतोष कुमार खडिया, बुधवारी बाजार निवासी राहुल शर्मा उम्र 26 वर्ष पिता प्रदीप शर्मा, खपराभटठा निवासी रितिक चुटैल उम्र 23 वर्ष पिता कुंजी लाल उर्फ छेदी लाल चुटैल, खपराभटठा बुधवारी निवासी साहिल खान उम्र 18 वर्ष पिता इकबाल खान, काशीनगर निवासी लक्ष्मीनारायण देवांगन उम्र 20 वर्ष पिता मंगल सिह देवांगन को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। मामले के अन्य आरोपी सूरज हथठेल, अभिषेक गिरी उर्फ बाबूमणी एवं विकास बाबू उर्फ विकास हिमधर फरार है। पुलिस के द्वारा जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जाएगा।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।




## पत्नी का गला दबाकर की हत्या, पुलिस को चकमा देने फांसी पर लटकाई थी लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लगभग एक माह पूर्व एक नवविवाहिता की फंदे पर लटकती हुई लाश मिली थी। इस मामले में नया मोड़ आया है जहां पुलिस ने इस मामले में पति के खिलाफ ही हत्या का अपराध दर्ज किया है जिसने अपनी पत्नी को घरेलू विवाद के चलते गला दबाकर हत्या कर दी थी और पुलिस को चकमा देने के लिए उसने उसकी लाश को फांसी के फंदे पर लटका दिया था ताकि वह इस घटना से बच सके लेकिन पुलिस के हाथ बहुत लंबे होते हैं और पुलिस ने आखिरकार इस मामले में आरोपी पति के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसे सलाखों के पीछे भेज दिया है।

**खास बात**

- उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम तरदा में 10 मई की सुबह नवविवाहिता की मिली थी लाश

मामला उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम तरदा की है। यहां निवासरत 28 वर्षीय विवाहिता सुनीता बाई की लाश 10 मई की सुबह फांसी के फंदे में लटकती हुई मिली थी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी जहां मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया था और मामले की बारीकी से जांच की जा रही थी। जहां पीएम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि सुनीता की गला दबाकर हत्या की गई है। जिसके आधार पर पुलिस ने उसके पति राजू कुर्रे को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की तो उसे उसने अपना अपराध कबूल कर लिया और उसने पुलिस को जानकारी दी कि घर घरेलू विवाद को लेकर अक्सर राजू कुर्रे का विवाद सुनीता से हुआ करता था और 10 मई को भी दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था जिससे परेशान होकर राजू कुर्रे ने अपनी पत्नी सुनीता बाई की गला दबाकर हत्या कर दी थी और पुलिस को चकमा देने के लिए उसने उसकी लाश को फांसी के फंदे में लटका दी थी। पुलिस ने इस मामले में राजू कुर्रे के खिलाफ धारा 302, 201, 120बी, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### मामूली विवाद पर पड़ोसी ने की वृद्ध की गला दबाकर हत्या

**रामानुजनगर।** मामूली विवाद को लेकर पड़ोसी ने वृद्ध की गला दबाकर हत्या कर दी। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम द्वारा शव को पीएम के लिए भेजने के साथ ही मामले में अपराध दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस द्वारा आरोपी को फिलहाल हिरासत में लिया गया है और घटना की जांच जारी है। बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम दवना गाड़ाबहरी निवासी 65 वर्षीय बुद्धू पंडो और राम नारायण सिंह का घर 200 मीटर की दूरी पर है। दो दिन पूर्व रामनारायण सिंह घर से लगे जंगल में अपनी टांगी के लिए लकड़ी काटने गया था जहां मृतक बुद्धू सिंह ने उसे बेंत काटने से मना किया था जिसके बाद दोनों में विवाद हो गया। विवाद के बाद दोनों अपने अपने घर लौट आए थे। इस बीच 29 जून को रामनारायण सिंह के बाड़ी में बुद्धू पंडो के मवेशी घुस गए और फसलों को नुकसान पहुंचा रहे थे। इस दौरान शराब के नशे में धुत रामनारायण सिंह मवेशियों को हांकते हुए बुद्धू पंडो के घर के पास ले आया। इस दौरान बुद्धू पंडो अपने घर के बाहर ही खड़ा था और मवेशियों द्वारा खेत चरने को लेकर शराब के नशे में धुत रामनारायण बुद्धू पंडो से गाली गलौज करने लगा और देखते ही देखते दोनों के बीच मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान रामनारायण सिंह ने बुद्धू पंडो को पटककर उसका गला दबा दिया जिससे बुद्धू पंडो की मौके पर ही मौत हो गई।

### आत्महत्या मामले में प्रेमी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** युवती द्वारा आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने लगातार युवती का शोषण करना चाहता था लेकिन जब उसने शादी की बात की तो आरोपी ने शादी से इनकार कर दिया। इस बीच मृतिका व युवक के बीच विवाद भी हुआ और मानसिक रूप से प्रताड़ित हो चुकी युवती ने फांसी लगाकर आत्म हत्या ली। पुलिस से मिली 16 जून को उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम भदवी निवासी युवती ने घर के बाहर बिही पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। युवती द्वारा अज्ञात कारणों से फांसी लगाने के मामले में सूचना उपरान्त मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया गया। इस घटना में जांच के दौरान यह बात सामने आई कि मृतिका का उदयपुर कलचा निवासी जयंत ठाकुर से प्रेम संबंध था और मृतिका युवक से शादी करना चाहती थी लेकिन आरोपी जयंत शादी ना करते हुए सिर्फ शोषण करना चाहता था।

## 27 सहकारी समितियों के गोदाम को मरम्मत का इंतजार

# पुरानी सहकारी समितियों के गोदाम जर्जर, खराब हो रहे खाद व बीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अरबों रूपये की धान खरीदी करने वाले जिले की आदिवासी सेवा सहकारी समितियों के गोदाम ऐसे भी नहीं हैं कि बरसात में खाद और बीज का भंडारण किया जा सके। स्वयं के खर्च पर मरम्मत कराकर खाद बीज का भंडारण करने वाले सहकारी समितियों के संचालक मंडल पुराने गोदामों की जगह नये गोदाम की मांग करते नजर आ रहे हैं। वहीं सहकारिता विभाग के द्वारा 14 नई बनी समितियों के लिए भेजे गए गोदाम के प्रस्ताव को अब तक स्वीकृति नहीं मिली है और पुराने समितियों के गोदाम जर्जर हो चुके हैं।

जिले में वर्तमान में 41 आदिवासी सेवा सहकारी समितियां संचालित है, जिनके द्वारा धान खरीदी के साथ खाद बीज का वितरण भी किया जाता है। सरकार के द्वारा धान के समर्थन मूल्य बढ़ाए जाने के बाद किसानों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है उनकी संख्या को देखते हुए प्रतिवर्ष खाद व बीज की खपत भी बढ़ती जा रही है। जिसके लिए भंडारण बढ़ाए जाने की मांग जिला प्रशासन द्वारा लगातार की जा रही है। खाद और बीज की आपूर्ति बीते दो वर्षों की तुलना में डेढ़ गुना बढ़ी है, किंतु उनके भंडारण की समस्या समितियों के सामने खड़ी हो गई है। पुरानी समितियों में जो गोदाम बनाए गए थे वह इस समय जर्जर हो चले हैं। उनके मरम्मत का कार्य समिति के संचालक मंडल समितियों को होने वाली आय से करते आ रहे हैं। दिनों दिन गोदाम की हालत जर्जर होने के कारण संचालक मंडल के द्वारा विभाग से पुराने गोदामों की जगह नये गोदाम की डिमांड की जा रही है। पुराने गोदामों की छत टिन के शेड होने के कारण क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिसे बरसात का पानी गोदामों में भरने से खाद बीज के बोरियों को नुकसान हो रहा है। जिनकी समितियों में स्थिति जर्जर है वहां खाद बीज की स्थिति वितरण करने लायक भी नहीं है। समिति के प्रबंधक इस बात को विभागीय अधिकारियों से अवगत करा चुके हैं। किसान भी बरसात के पानी में भीगने वाले बीज व खाद का उठाव नहीं कर रहे हैं, जिस पर समिति प्रबंधक और किसानों के बीच नोंकझोंक भी हो रही है। विभाग के द्वारा पुरानी समितियों के गोदाम को मरम्मत की बजाए नई समितियों में गोदाम बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था उस पर भी स्वीकृति नहीं मिलने के कारण नई समितियों में खाद बीज के भंडारण को लेकर जगह नहीं मिल रही है।

### खास बात

- 14 नई सहकारी समितियों में गोदाम बनाने भेजे गए प्रस्ताव को नहीं मिली स्वीकृति



जर्जर गोदाम, जहां रिसता है बरसात का पानी।

### 35 से 40 साल पुराने है समितियों के गोदाम



सहकारी समितियों में जो इस समय गोदाम बने हुए हैं, जो 35 से 40 साल पुराने हो चुके हैं उनकी जगह नये गोदाम आज तक नहीं बनाए गए हैं। आज यह स्थिति है कि उन गोदामों में खाद और बीज रखना मुश्किल हो गया है। बरसात के समय अधिकारी निरीक्षण में जाते हैं जिसे लेकर समिति प्रबंधकों ने अधिकारियों को अवगत भी कराया है। उसके बावजूद पुराने गोदाम की जगह नये गोदाम बनाये जाने के प्रस्ताव पुरानी समितियों के लिए नहीं बनाए गए, अपितु समिति के ऊपर ही गोदाम का मरम्मत कराकर उनका उपयोग करने के लिए निर्देश दे रहे हैं।

# नवीन कानून को लेकर आज जिले के थाना चौकी में विशेष बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देश में 1 जुलाई से लागू हो रहे नया अपराधिक कानून को लेकर पुलिस व प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। इसे लेकर आज सुबह 11 बजे से सभी थाना चौकियों में विशेष बैठक बुलाई गई है जिसमें नवीन कानून के संबंध में लोगों को जानकारी दी जाएगी।

भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम आज से देश भर में लागू हो रहा है। इसे लेकर आम जनता में जागरूकता लाई जा सके और इस कानून के बारे में लोग अधिक से अधिक जान सके इसके लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर आज सुबह 11 बजे जिले के सभी थाना चौकी में आम लोगों की एक विशेष बैठक बुलाई गई है जहां विशेषज्ञ द्वारा न्याय संहिता कानून के बारे में लोगों को जानकारी दी जाएगी। साथ ही उनकी जिज्ञासा को भी शांत किया जाएगा ताकि लोग इसके बारे में अधिक से अधिक जानकारी हासिल कर सकें। न्याय संहिता कानून व विशेष बैठक को लेकर सभी थाना और चौकी प्रभारी ने अपने थाना स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली है। भारतीय न्याय संहिता 2023 में बदलाव किया गया है। जिसमें गंभीर प्रकरणों में डिजीटल एवं इलेक्ट्रानिक्स साक्ष्यों को मान्यता मिली है। भगोड़े अपराधियों पर कानून और सख्त बनाया गया है। इन न्यायसंगत सुधारों से जहां छोटे अपराधों में लिप्त अपराधियों को सुधरने का अवसर दिया गया है वहीं जघन्य अपराधों पर कड़ी सजा होगी लेकिन न्याय संहिता में ई-एफआईआर का अपराध दर्ज किया गया है।

### अपराधों की धाराओं में हुआ बदलाव

भारतीय न्याय संहिता 2023 में पूर्व में प्रचलित धाराओं एवं सजाओं में कई बदलाव हुए हैं जिनमें उन्होंने उदाहरण से स्पष्ट किया है कि हत्या के अपराध पर दर्ज होने वाली धारा 302 अब नए कानून के अनुसार धारा 103 के रुप में दर्ज होगी। गैंग रेप पर धारा 376 डी की जगह अब नई संहिता के तहत धारा 70 (1) के तहत दर्ज होगी। इसी तरह धारा 4 छोटे अपराधों के लिए अनावश्यक कारावास की जगह सामुदायिक सेवा करने के प्रावधान, धारा 103 (2) भीड़ हिंसा या मॉब लिंचिंग को मृत्यु या आजीवन कारावास के दण्ड का प्रावधान, धारा 304 स्नैचिंग के अपराध को परिभाषित एवं दंडित करना, इससे हर तरह के स्नैचिंग के मामलों में नकेल कसने में मदद मिलेगी, धारा 306 (1) ड्राइवर द्वारा रोड एक्सीडेंट के उपरांत पुलिस को सूचित करने पर सजा में रियायत का प्रावधान होना, अध्याय (5) महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराधों को एक स्थान पर समेकित एवं व्यवस्थित करते हुए प्रभावी कानून कार्यान्वयन सरल करना।






## खबर संक्षेप



### मकुंदपुर में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**मड़वारानी।** ग्राम पंचायत मकुंदपुर में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। सरपंच श्रीमति करमदेवी कवंर, उपसरपंच श्रीमति शांतिबाई कवंर व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में बच्चों का तिलक लगाकर धूमधाम से शाला प्रवेश कराया गया। इस दौरान कक्षा पहली से आठवीं में प्रथम स्थान आने वाले बच्चों को टाफी व नगद राशि से सम्मानित किया गया।

### कलार समाज द्वारा किया गया पौधारोपण



**कटघोरा।** कलार समाज सुतर्रा के बैनर तले हाई स्कूल मैदान में 12 नग नीम का पौधा ट्री गार्ड के साथ लगाया गया। साथ ही साथ सुरक्षित रखने का संकल्प लिया गया। इस दौरान गांव के सरपंच मनोहर विंध्यराज, बलदेव सिंह पोर्ते, ठंडाराम, योगेश बघेल का सहयोग रहा। इस अवसर पर जनपद सदस्य प्रदीप जायसवाल, उप सरपंच जितेंद्र डिक्सेना, अध्यक्ष संतोष डिक्सेना, ओमप्रकाश डिक्सेना, चुन्नीलाल जायसवाल, विनय डिक्सेना, कामेश डिक्सेना, विकास जायसवाल, रामरतन जायसवाल, अमन जायसवाल उपस्थित रहे। इस मौके पर समाज प्रमुख ओमप्रकाश डिक्सेना ने लोगों को सार्वजनिक जगह में पौधे लगाने की बात कही।

### पौध वितरण कर पूर्व सांसद को दी गई श्रद्धांजलि



**कोरबा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आहवान किया है कि एक पेड़ मां के नाम लगाएं। इसी ध्येय को लेकर पूर्व सांसद स्व डॉ बंशीलाल महतो के पूण्यतिथि पर शंकर अग्रवाल के दुकान सिविक सेंटर भवानी क्लाथ स्टोर के पास पौधा वितरण कर उसे संरक्षित करने का संकल्प लिया गया।

### पर्यावरण को पहुंचाया जा रहा नुकसान पीएम सड़क की उड़ रही धज्जियां

**कोरबा।** पाली ब्लॉक के सरायपाली ग्राम पंचायत जंगल के पास भारी मात्रा में रात दिन प्रतिबंधित प्रधानमंत्री सड़क से होकर भारी वाहन ट्रेलरों के माध्यम से राखड़ एक बड़े भूभाग में पाटा जा रहा है। जंगल के पास इस तरह चोरी छिपे राख की डंपिंग करना कहीं ना कहीं जंगल की बेस कीमती जमीन पर भूमाफियाओं की नजर की ओर इशारा कर रही है। जहां जंगल के पास पावर प्लांट की राखड़ पाट कर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, वहीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क पर राखड़ लोड वाहन चल रहे हैं। भारी वाहन ट्रेलर के कारण सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार छुट्टी के दिन से यह राखड़ डंपिंग का कार्य किसी के द्वारा किया जा रहा है। जिसके कारण जंगल में हरे भरे पेड़ पौधों को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार इस जमीन पर चोरी छिपे छुट्टी के दिन राखड़ पटवाने वाला कोई भू माफिया हो सकता है, जहां मौके पर 15 से 20 ट्रेलर में राख डंप वाहन खड़े हुए हैं।

## श्रमिक संगठनों ने पूर्व की तरह बोनस पर फैसला देने की रखी मांग

# कोलकर्मियों के सालाना बोनस पैटर्न में बदलाव की तैयारी, श्रमिक नेताओं ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया की एपेक्स जेसीसी की बैठक कोलकाता स्थित कंपनी मुख्यालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन पीएम प्रसाद ने किया। बैठक में प्रबंधन ने कोलकर्मियों के सालाना बोनस एक स्कीम के तहत प्रदान किये जाने का प्रस्ताव रखा। परंतु बैठक में उपस्थित सभी यूनियन नेताओं ने संबंधित प्रस्ताव को एक सिरे से खारिज करते हुए पूर्व की तरह बोनस पर फैसला लेने की बात कही।

इस दौरान कोलकर्मियों के पेंशन व सीपीआरएमएस फंड को मजबूत करने पर जोर दिया गया। साथ ही सरप्लस क्वार्टर व बायोमीट्रिक अटेंडेंस पर चर्चा हुई। श्रमिक नेताओं ने एपेक्स जेसीसी की नियमित बैठक करने की बात कही। बता दें कि इससे पूर्व एपेक्स जेसीसी की पिछली बैठक वर्ष 2022 में हुई थी। यूनियन नेताओं ने खदान दुर्घटना में मौत होने पर 25 लाख रुपया भुगतान का प्रस्ताव भी कोल इंडिया प्रबंधन के समक्ष रखा। इस पर कोल इंडिया के चेयरमैन श्री प्रसाद ने कोयला मंत्री से चर्चा के पश्चात निर्णय लेने की बात कही है। उन्होंने यूनियन नेताओं के साथ कोयला उत्पादन, उत्पादकता, प्रेषण, प्राप्ति और गुणवत्ता में सुधार को लेकर विस्तृत चर्चा की। साथ ही संसाधन के उपयोग, खदानों की क्षमता, उपकरण, मानव संसाधन, लागत, अर्थव्यवस्था व लाभप्रदता को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में प्रबंधन की ओर से कोल इंडिया डीपी विनय रंजन, डीटी डॉ बी वीरा रेड्डी उपस्थित थे. जबकि बीसीसीएल सह इसीएल सीएमडी समीरन दत्ता के अलावा अन्य सभी अनुषंगी कोल कंपनियों के सीएमडी वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे। वहीं यूनियन नेताओं में बीएमएस से के लक्ष्मा रेड्डी, एचएमएस से नाथूलाल पांडे, एटक से रामेंद्र कुमार, सीटू से डीडी रामनंदन व सीएमओएआइ से सर्वेश सोनी आदि उपस्थित थे।

### ...अब आश्रित पुत्र-पत्नी को मिलेगी नौकरी

कोल इंडिया निदेशक मंडल ने पांच जून 2024 को आयोजित अपनी 466 वीं बैठक में आश्रित/अनुकंपा रोजगार से संबंधित कॉमन कोल कैडर के प्रावधानों में संशोधन को मंजूरी दे दी है। इसके मुताबिक कोयला अधिकारियों की मृत्यु की स्थिति में अब उनके जीवनसाथी (45 वर्ष से कम आयु के) को प्रतिपूरक नौकरी का विकल्प मिलेगा।

### 18 से 35 वर्ष से कम आयु के आश्रितों को अनुकंपा पर नौकरी

अधिकारियों के आश्रितों 18 वर्ष से अधिक या 35 वर्ष से कम आयु के को अनुकंपा नौकरी दी जायेगी। भले ही अन्य आश्रित सदस्य सेवा में हों। यदि मृतक अधिकारियों के जीवनसाथी अनुकंपा रोजगार का विकल्प नहीं चुनते हैं, तो आश्रित पुत्र व पुत्री 18 वर्ष से कम आयु के 18 वर्ष पूरे होने के बाद अनुकंपा नौकरी के लिए पात्र होंगे। उनके नाम लाइव रोस्टर में रखे जायेंगे।

### कोल इंडिया की ओर से जारी कर दी गई है अधिसूचना

गुरुवार को कोल इंडिया के उप महाप्रबंधक कार्मिक (सीपी) राजेश वी नायर के द्वारा इसे लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। बता दें कि कोल इंडिया के मौजूदा प्रावधान के मुताबिक कोल अधिकारियों का यदि आश्रित पहले से ही सेवा में है, तो अतिरिक्त आश्रित के रोजगार पर विचार नहीं किया जाता है।

# कुत्तों ने फिर से चीतल पर किया हमला, गंभीर



घायल चीतल का उपचार करते वनकर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मड़वारानी के जंगल में विचरण करने वाले चीतल पर कुत्तों का हमला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गर्मी के सीजन में ऐसे कई चीतलों पर कुत्तों ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया है तो वहीं नया मामला फिर से सामने आया है। जहां पुरैना मड़वारानी में कुत्तों ने चीतल पर हमला कर दिया था जिसे गंभीर अवस्था में उपचार कराया गया है।

जानकारी के अनुसार कोरबा वनमंडल के करतला रेंज के अंतर्गत आने वाले मड़वारानी व उसके आसपास बड़े पैमाने पर चीतल व हिरण का बसेरा है। बताया जाता है कि रविवार की सुबह एक चीतल ग्राम पुरैना में जंगल से भटक कर गांव की ओर पहुंच गया था जैसे ही चीतल पहुंचा कुत्तों ने उसे देख लिया और उस पर हमला कर दिया। जब ग्रामीणों की नजर पड़ी तो ग्रामीणों ने किसी तरह कुत्तों को खदेड़ा और चीतल को सुरक्षित करने का प्रयास किया। घटना की सूचना तत्काल वन विभाग के अधिकारियों को दी गई। जहां गंभीर रूप से घायल चीतल का उपचार पशु चिकित्सक से कराया गया है। हालांकि उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। वन विभाग हर वर्ष ऐसे वन्य प्राणियों को बचाने के लिए प्रयास करने की बात तो करता है लेकिन ठोस पहल नहीं होने की वजह से हर वर्ष इस इलाके में आधा दर्जन से अधिक चीतल की मौत हो रही है।

# नशीले इंजेक्शन का तस्कर जाकर छिप गया नाली में, पुलिसकर्मियों ने खींचकर निकाला बाहर

**अंबिकापुर।** नशीले इंजेक्शन की तस्करी के आरोप में पकड़ा गया आरोपी युवक पुलिस चंगुल से भाग निकला लेकिन बाद में पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया।

आरोपी पुलिस को चकमा देकर नाली में जाकर छिप गया लेकिन पुलिस ने भी आरोपी का पीछा नहीं छोड़ा और फिर आरोपी को नाली के अंदर से खींच कर बाहर निकाला।

- 100 नग प्रतिबंधित इंजेक्शन के साथ पकड़े गए थे दो आरोपी, मुलाहिजा के लिए जाते समय भागा था एक आरोपी

फिलहाल आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया है। बता दें कि 28 जून को गांधीनगर पुलिस द्वारा रात्रि गश्त के दौरान कन्या परिसर रोड़ मे दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे थे। पुलिस ने जब घेराबंदी कर युवकों को पकड़ा गया तो उनकी पहचान गांधीनगर गंगापुर नालापारा निवासी 23 वर्षीय सूरज उर्फ रोहित दोहरे व भट्टापारा निवासी 20 वर्षीय रोहित मालाकार को पकड़ा गया था। आरोपियों के पास से 100 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया गया था। एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किए गए आरोपियों को पुलिस मुलाहिजा के लिए अस्पताल लेकर जा रही थी। इस दौरान रोहित मालाकार पुलिस से हाथ छुड़ाकर भाग निकला। आरोपी के भागने पर पुलिसकर्मियों ने भी उनका पीछा करना शुरू कर दिया। इस दौरान आरोपी भागते हुए मोहल्ले के अंदर एक बड़े नाली में घुसकर छिप गया। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो वार्ड के लोगों ने उन्हें बता दिया कि आरोपी नाली में छिपा हुआ है जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने आरोपी को नाली के अंदर से खींचकर बाहर निकाला और उसके बाद आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

### विधायक मरकाम ने दिए 5 पानी टैंकर

**कोरबा।** पाली तानाखार के विधायक तुलेश्वर हीरासिंह मरकाम के द्वारा अपने विधायक निधि से जनपद पंचायत पोंडी उपरोड़ा के 25 जनपद क्षेत्रों को 25 पानी टेंकर देने का निर्णय लिया गया है। उनके निर्णय से क्षेत्र के लोगों में हर्ष व्याप्त है। श्री मरकाम पाली तानाखार व छत्तीसगढ़ के ऐसे पहले विधायक हैं जो क्षेत्र में पानी की समस्या को देखते हुए पानी टैंकर वितरण कर रहे हैं। विधायक के हाथों जनपद पंचायत पोंडी उपरोड़ा के प्रांगण में 5 पानी टेंकर को हरी झंडी दिखाकर जनपद क्षेत्रों को वितरण किया गया। विधायक ने कहा है कि शेष पानी टेंकरों को बहुत जल्द वितरण किया जाएगा। उनके सराहनीय कार्य के लिए क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है।

# सोशल मीडिया में अश्लील वीडियो पोस्ट करने वाले दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

दो युवकों ने अश्लील वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया में पोस्ट कर दिया था। मामले की शिकायत सामने आने पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जेल दाखिल कर दिया गया है।

कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तुमान निवासी सोहेल अली उम्र 31 वर्ष पिता लियाकत अली के विरुद्ध वर्ष 2022 में सोशल मीडिया फेसबुक में अश्लील वीडियो पोस्ट करने का मामला है तो वही ग्राम पुछापारा निवासी जय प्रकाश सारथी उम्र 30 वर्ष पिता देवनारायण सारथी द्वारा भी वर्ष 2023 में सोशल मीडिया में अश्लील वीडियो पोस्ट वीडियो करने का मामला सामने आया है। सायबर टीप लाइन के मामलों में गंभीरता से कार्यवाही करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने दोनों आरोपियों पर आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर दोनों असरोपियों की गिरफ्तारी की तथा दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है।

# रोजगार की मांग को लेकर भूविस्थापितों ने घेरा एसईसीएल मुख्यालय, किया प्रदर्शन

**कोरबा।** एसईसीएल सरईपाली कोयला खदान से प्रभावित ग्राम बुड़बुड़, राहाडीह के भूविस्थापितों ने रोजगार की मांग को लेकर एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर में धरना प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया। भूविस्थापितों ने मुख्यालय के मुख्यद्वार को बंद कर नारेबाजी शुरु कर दी। लगभग 7 घंटे तक भूविस्थापितों का धरना प्रदर्शन जारी रहा जिसके बाद एसईसीएल प्रबंधन के अधिकारियों ने भूविस्थापितों को वार्ता के लिए बुलाया जहां भूविस्थापितों के द्वारा जमीन अधिग्रहण के बदले नौकरी मांग दोहराई गई। आखिरकार प्रबंधन ने बैठक आयोजित कर मांगों के निकराकरण का आश्वासन दिया। वहीं भूविस्थापितों ने मांगे पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

### खास बात

- सीएमडी कार्यालय के मुख्य द्वार पर 7 घंटे तक जारी रहा धरना प्रदर्शन

उल्लेखनीय है कि एसईसीएल कोरबा के महाप्रबंधक जेडएच खान ने प्रथम चरण में मध्य प्रदेश पुनर्वास नीति के तहत 275 खातेदार को रोजगार दिए जाने की जानकारी दी जिसपर सभी ने सहमति दी थी। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया था कि नामांकन की प्रक्रिया कैंप लगाकर 20 मार्च 2013 से 26 मार्च 2013 तक पूर्ण कराई जाएगी। नामांकन के दौरान जांच कर भूविस्थापितों को रोजगार पात्रता प्रमाण पत्र भी प्रदान की गई। नामांकन पूर्ण होने एवम सत्यापन पूर्ण होने के बाद एकाएक वर्ष 2016 में रोजगार देने हेतु कोल इंडिया पॉलिसी लागू कर सैंकड़ों भूविस्थापितों को अपात्र कर दिया गया। यही वजह है कि भूविस्थापित जमीन अधिग्रहण के बदले रोजगार की मांग को लेकर अड़े हुए हैं। जमीन अधिग्रहण के 13 वर्ष बाद भी नौकरी नहीं मिलने से आक्रोशित भूविस्थापितों ने एसईसीएल मुख्यालय का घेराव कर दिया। भूविस्थापितों के धरना प्रदर्शन को देखते हुए एसईसीएल प्रबंधन ने वार्ता की पहल की। आखिरकार 7 घंटे से जारी धरना प्रदर्शन के बाद भूविस्थापितों व प्रबंधन के बीच वार्ता शुरु हुई। जिसमें महाप्रबंधक भूराजस्व शरद तिवारी, औद्योगिक संबंध मनीष श्रीवास्तव एवं मेन पावर के अधिकारी उपस्थित रहे। चर्चा के दौरान महिलाओं ने स्पष्ट रूप से यह कहा कि रोजगार देने के नाम पर आपने भूमि ली है। रोजगार देने हेतु सत्यापन कराया है, रोजगार देना पड़ेगा, अन्यथा हमारा यह आंदोलन अनवरत जारी रहेगा। वहीं भूविस्थापितों ने डायरेक्टर योजना परियोजना से सप्ताह भर के बीच बैठक में निर्णय नहीं आने पर पुनः आंदोलन की चेतावनी दी। बैठक उपरांत आंदोलन को स्थगित कर दिया गया। वार्ता के दौरान हेमलाल श्रीवास, परमेश्वर बिंझवार, रूपचंद डिक्सेना, बचन बाई, जेठिया बाई, सन्तोष श्रीवास, नवा अंजोर भूविस्थापित समिति से बृजेश श्रीवास, प्रताप सिंह, सन्तोष राठौर उपस्थित रहे।



### भूविस्थापित महिलाएं करेंगी अर्धनग्न प्रदर्शन

एसईसीएल गेवरा, दीपका, कुसमुंडा परियोजना से प्रभावित ग्राम के भूविस्थापित महिलाओं ने भूमि अधिग्रहण के बदले रोजगार की मांग को लेकर एसईसीएल सीएमडी मुख्यालय में कारगिल विजय दिवस के दिन अर्धनग्न प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

### पौधरोपण कर पूर्व सांसद डॉ बंशीलाल की मनाई जयंती

**कोरबा।** पूर्व सांसद स्व डॉ बंशीलाल महतो के जयंती अवसर पर जिले में विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण कर श्रद्धांजलि दी गई। इसी कड़ी कोसाबाड़ी मंडल अंतर्गत पोड़ीबहार मुक्तिधाम में भाजपा जिला एवं मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा वृक्ष रोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अमरूद, कटहल, नीम, आम, आवला सहित कई फलदार एवं उपयोगी वृक्षों के पौधे रोपित किए गए। पौधरोपण के दौरान भाजपा जिला मंत्री संदीप सहगल, जिला मीडिया प्रभारी मनोज मिश्रा, मीडिया सह प्रभारी पवन सिन्हा, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, मंडल महामंत्री दिनेश वैष्णव, उपाध्यक्ष राजेश राठौर, पुनीराम साहू सहित अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



पौधरोपण करते भाजपा कार्यकर्ता।

# छप्पर से गिरकर सर्प ने मासूम को डंसा, इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बारिश की फुहार पढ़ते ही जमीन पर रेंगने वाले जीव जंतु सक्रिय हो गए हैं। बताया जाता है कि देर रात को एक जहरीला सिर्फ छप्पर से सीधा जमीन पर आ गिरा। जहां बिस्तर पर सो रही एक 3 वर्षीय मासूम को जहरीले सर्प ने डस लिया। आनन फानन में परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान मासूम की मौत हो गई है।

मामला बालको थाना क्षेत्र के ग्राम सोनपुरी की है। यहां निवास करने वाले विष्णु प्रसाद निर्मलकर व उनका पूरा परिवार शनिवार की रात भोजन उपरांत सोए हुए थे कि इसी दौरान देर रात को छप्पर पर रेंग रहे एक जहरीला सर्प अचानक सीधे नीचे आ गिरा और बिस्तर पर सो रही विष्णु प्रसाद निर्मलकर की 3 वर्षीय मासूम पुत्री अर्पिता पर आ गिरा जिससे जहरीले सर्प ने अर्पिता को डस लिया जब परिजनों को इसकी भनक लगी तो उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान मासूम की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### किशोरी ने जहर खाकर कर ली आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

कोरबा। एक 16 वर्षीय किशोरी ने अज्ञात कारणों के चलते घर में रखे किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया जब उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया था जहां इलाज के दौरान किशोरी की मौत हो गई है। किशोरी ने किन कारणों के चलते आत्माघाती कदम उठाया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल पुलिस मामले में वैधानिक कार्रवाई कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला दीपका थाना क्षेत्र के ग्राम सिरकी है। यहां निवासरत स्नेहा सेंद्राम 16 वर्ष पिता संतोष सिंह सेंद्राम ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में रखे किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था जब परिजनों को ज्ञात हुआ कि उसकी बेटी स्नेहा सेंद्राम ने जहर सेवन कर लिया है तो उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

*कोरबा। यातायात पुलिस द्वारा लगातार शहर की सड़कों पर वाहन खड़े करने वालों को बार-बार समझाएं दी जाती है। बावजूद इसके लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं।

हरिभूमि

पाठकों के लिए माह जून 2024 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह जून 2024 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 जुलाई 2024 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

## डीएलएड के परीक्षार्थी उलझे गणित के सवालों पर, बीएड में अनुपस्थित छात्रों की संख्या 4 हजार से अधिक

# शिक्षक की डिग्री लेने परीक्षार्थियों ने दिलाई परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीएड और डीएलएड की डिग्री के लिए व्यापम द्वारा जिले के 34 परीक्षा केन्द्रों में दो पालियों में परीक्षा आयोजित की गई। दोनों परीक्षाओं में डीएलएल के परीक्षार्थी जहां गणित के सवालों में उलझे रहे, वहीं बीएड के परीक्षार्थियों के सामने व्यवहारिक शिक्षा के प्रश्न उलझाने वाले रहे। दोनों ही परीक्षाओं के लिए अलग अलग परीक्षार्थियों की संख्या थी। बीएड में जहां 11 हजार 981 परीक्षार्थी पंजीकृत थे वहीं डीएलएड के लिए 14 हजार 888 परीक्षार्थी पंजीकृत थे।

व्यवसायिक परीक्षा मंडल के द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा के बाद डीएलएड व प्री बीएड की परीक्षा रविवार को शहर के 34 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की गई। प्रथम पाली में डीएलएड के परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं बीएड के लिए दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक द्वितीय पाली का समय तय किया गया था। दोनों ही परीक्षाओं को लेकर सभी परीक्षा केन्द्रों में सुरक्षा के तगड़े प्रबंध थे। कलेक्टर अजीत वसंत ने स्वयं निर्मला स्कूल पहुंचकर परीक्षा का जायजा लिया। परीक्षा केन्द्र में प्रवेश होने के पूर्व इस बार परीक्षार्थियों को जांच से गुजरना पड़ा, दस्तावेजों की गहन जांच हुई। प्री डीएलएड के लिए 14 हजार 888 परीक्षार्थियों में से 9 हजार 969 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। वहीं 4 हजार 915 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कई परीक्षा केन्द्र ऐसे थे जिसमें उपस्थित छात्रों की संख्या और अनुपस्थित छात्रों से कम थी। इसी तरह द्वितीय पाली में आयोजित प्री बीएड की परीक्षा में 11 हजार 981 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए थे। जिसमें 7 हजार 261 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं 4 हजार 720 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दोनों परीक्षओं को मिलाकर 25 हजार से अधिक परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें से 10 हजार से अधिक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।



परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी।

### शिक्षकों की 9 घंटे की रही ड्यूटी

दोनों परीक्षाओं के लिए ड्यू टी करने हेतु शिक्षकों की ड्यू टी लगाई गई थी। उसके पहले उन्हें प्रशिक्षण दिया गया था। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर सवा 12 बजे तक चली। वहीं द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से 5.15 बजे तक आयोजित की गई, जिसके लिए शिक्षकों को 9 बजे परीक्षा केन्द्र पहुंचना पड़ा और शाम 6 बजे परीक्षा समाप्ति बाद उनकी वापसी हुई। एक ही शिक्षक से दो पालियों की ड्यू टी ली जाने से लगभग 9 घंटे की ड्यू टी सभी शिक्षकों को करना पड़ा।

